

रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण अंचल कुंडाल, बोराव, जावदा सहित विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों खेतों में सरसों की अगेती फसल अपने पूरे परवान पर है। अमूमन बसंत के मौसम में खिलने वाले सरसों के पीले फूल खेतों में खिलने लगे हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है कि जैसे मानों धरा ने पीली चुनरियां ओढ़ ली हो। सरसों के फूलों की महक खेतों में बिखरने लगी है। वहीं दो दिन से एकाएक बढ़े सर्दी के मिजाज से किसानों को फसलों में फायदे की उम्मीद है। मौसम अब तक सरसों के अनुकूल रहा है। ऐसे में फसलों की बढ़वार सही होने से खेतों में फसलें लहलहाने लगी है। साथ ही गेहूं, लहसुन की फसलें भी इन दिनों खेतों में लहलहा रही है, जिसे देख किसानों के चेहरों पर खुशी है। खेतों में हरियाली और पीले फूलों का नजारा राह चलते लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

# वर्षा के कारण दीवार ढहने चार वाहन दबे, एक घायल

## शहर के अम्बामाता क्षेत्र का मामला

**उदयपुर, (कास)।** पिछले दो दिनों से शहर में हो रही वर्षा के कारण रविवार रात शहर के ऐतिहासिक अम्बामाता मंदिर के समीप की दीवार कमजोर होकर गिर गई। हादसे के दौरान चार वाहन दीवार के नीचे दबने से क्षतिग्रस्त हो गए जबकि एक क्षेत्रवासी भी गंभीर घायल हो गया।

- **एतिहासिक अम्बामाता मंदिर के पीछे हाल ही में एक अधूरी दीवार का काम पूरा किया था**
- **दो दिन की बारिश के चलती रविवार रात यह दीवार भर-भरा कर गिर गई**

प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के एतिहासिक अम्बामाता मंदिर के पीछे हाल ही में एक अधूरी दीवार का काम पूरा किया गया था। बताया जाता है कि दीवार बनाने वाले ठेकेदार ने पूर्व में मिट्टी से बनी आधी दीवार पर ही बाकी दीवार को चूने आदि से पूरा कर दिया। दो दिन की बारिश के चलती रविवार रात यह दीवार भर-भरा कर गिर गई। इस दीवार के पीछे राव कालोनी स्थित है। इस कॉलोनी के बाशिंदों के वाहन इस दीवार के समीप ही पार्क किये जाते है। हादसे के दौरान यहाँ पर खाड़ी 3 कारे पूर्णतया क्षतिठास्त हो गई। हादसे के दौरान अपनी बाइक लेने गया हरिकिशन राव पैर एवं सिर में चोट लगने से घायल हो गया वही उसकी बाइक भी दीवार के नीचे दब गई। सोमवार सवेरे जेसीबी की मदद से मलबे को हटवा मार्ग को सुचारू किया गया।

कांग्रेस के युवा नेता व क्षेत्रवासी सिद्धार्थ सोनी ने दीवार ढहने के बाद लटके विद्युत तारों व विद्युत व्यवस्था सुचारू करने को लेकर बिजली विभाग को फोन लगाया लेकिन सुबह तक स्थिति जस की तस बनी रही। इस पर सिद्धार्थ सीधे विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे और विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार विभाग रात से फोन उठाने को तैयार नहीं, फोन उठाते भी है तो आधी बात कर काट देते है। सिद्धार्थ सोनी का कहना था कि विभाग ऐसी लापरवाही करेगा तो कोई जनहानि भी हो सकती है।

# मोबाइल चोरी करने वाले पांच शातिर गिरफ्तार

## आठ लाख के 20 मोबाइल जब्त किए

**अजमेर, (कासं)।** शहर में सक्रिय मोबाइल चोरी करने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ दरगाह थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 लाख रुपए की कीमत वाले 20 ब्रांडेड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। शातिर चोर ख्वाजा साहब की महाना छठी व दरगाह आने जाने वाले जायरीन से भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर वारदात अंजाम देते थे। दरगाह थाना पुलिस टीम ने जुलाई माह से 4 दिसंबर तक करीब 72.50 लख रुपए कीमत के 271 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस मामले में गहनता से पूछताछ में जुटी है।

- **दरगाह थाना पुलिस टीम ने जुलाई माह से अब तक 72.50 लाख के मोबाइल बरामद किये**

दरगाह थाना प्रभारी जगदीश मीणा ने बताया कि एसपी चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर चोर, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दरगाह थाना पुलिस ने दरगाह क्षेत्र में भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाली गैंग के दरगाह क्षेत्र में सक्रिय होने की सूचना पर टीम ने दरगाह क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और बदमाशों को चिन्हित किया।

पुलिस टीम ने सक्रिय संगठित मोबाइल चोर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच शातिर चोरों को दबोच लिया। पुलिस ने अजमेर निवासी गयासुद्दीन पुत्र अब्दुल, गुलाब सिंह पुत्र स्वर्गीय गोपाल सिंह, सद्दाम हुसैन पुत्र समसुद्दीन, अजीम खान पुत्र जलील खान सहित चांद मोहम्मद पुत्र अब्दुल हसन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 लाख रुपए की कीमत वाले 20 विभिन्न कंपनियों के ब्रांडेंड मोबाइल फोन बरामद कर जब्त किए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जुटी है। थाना प्रभारी मीणा ने बताया कि गिरफ्तार सद्दाम हुसैन के खिलाफ पूर्व में 8, चांद मोहम्मद के खिलाफ 6 मुकदमे दर्ज है। थाना प्रभारी ने बताया कि दरगाह पुलिस ने जुलाई महीने से अब तक कार्रवाई करते हुए 72.50 लाख रुपए कीमत के 271 मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# युवक ने फांसी लगाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने किराए के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अनुसार सुभाष नगर बायोस्कोप के पीछे रहने वाले ओजियाना बदनोर निवासी अनिल पिता दुदाराम रेगर ( 28 ) ने रविवार देर रात अपने कमरे पर फांसी का फंदा लगा लिया। मकान मालिक को जब पता लगा तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच युवक के परिजनों को सूचित किया और युवक को महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज सुबह मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल युवक की मौत के कारणों पता नहीं लग पाया है। युवक अपने गांव से भीलवाड़ा आकर किराए के मकान में रह रहा था और आरसीसी ठेकेदार के साथ काम करता था।

# आर्मी ट्रक-कार में भिड़ंत, पिता व पुत्र की मौत

## हादसे में मां व चालक घायल

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती शेरगढ़ तहसील के शेखाला गांव की सरहद में आर्मी ट्रक और कार की आमने-सामने भिड़ंत में पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि मां और कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया गया है।

- **घायलों को उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया**

थानाधिकारी शिवराज सिंह ने बताया कि बैंगलुरू का एक परिवार जिनमें 40 साल का अभिजीत पुत्र बद्रीलाल, उसकी पत्नी दीप्ति एवं चार साल का बेटा वियोम जोधपुर से एक कार टैक्सी किराया कर जैसलमेर की तरफ जा रहे थे। यहां शेखाला से दो किलोमीटर आगे टोल से पहले सामने से आ रहे एक आर्मी ट्रक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में अभिजीत और उसके चार साल के बेटे वियोम की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पत्नी दिप्ती और कार का चालक झालामंड जोधपुर निवासी दलपतासिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया गया है। पत्नी दीप्ति और कार चालक की हालत गंभीर बनी है। जिनसे बात के बाद ही बयान लिए जा सकेंगे। बयान के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। दुर्घटना के बाद गाड़ियों को थाने भिजवाया गया है।

# बाइक चालक ने ली राहगीर की जान

**जोधपुर, (कासं)।** जिले के बिलाड़ा स्थित उदलियावास गांव की सरहद में बाइक सवार ने पैदल राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में घायल पैदल राहगीर की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार इस बारे में मृतक के पुत्र की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। बिलाडा पुलिस ने बताया कि उदलियावास निवासी नवरतन पुत्र स्व. छितरराम बावरी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि शाम के समय उसके पिता छितरराम पैदल गांव की सरहद से निकल रहे थे। तब एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल उसके पिता को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव परिजन को सुपुर्द कर दिया।

# फैक्ट्री से 65 हजार की 15 डाई चोरी

## मालिक ने चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**अजमेर, (कासं)।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र स्थित पेवर ब्लाक बनाने की फैक्ट्री में काम आने वाली 15 डाई चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित फैक्ट्री मालिक ने सोमवार को आदर्श नगर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ डाई चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चोरी हुई डाई की कीमत 65 हजार रुपए बताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदर्श नगर थाना क्षेत्र के परबतपुरा स्थित वार्ड संख्या 38 निवासी विक्रम सिंह पुत्र देवीलाल रावत ने थाने में शिकायत देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में सिंह ने बताया कि उनकी टाइल्स व पेवर ब्लाक बनाने की फैक्ट्री तेजाजी चौक में स्थित है। फैक्ट्री में पेवर ब्लाक बनाने में काम आने वाली लगभग 15 डाई अज्ञात चोर चुरा ले गए हैं, जिनकी कीमत करीब 65 हजार रुपए है। घटना रविवार देर रात के समय हुई चोरी का पता सोमवार सुबह चला, जब वह फैक्ट्री गए। आदर्श नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **घटना रविवार देर रात के समय हुई चोरी का पता सोमवार सुबह चला**

# युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** अज्ञात कारणों से युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति को लटका देखकर पत्नी के चिल्लाने पर आसपास लोग मौके पर पहुंचे और शव का नीचे उतारा। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। घटना दोवड़ा थाना क्षेत्र के वस्सी गांव में सोमवार सुबह हुई।

दोवड़ा थानाधिकारी ने बताया कि वस्सी निवासी बंशीलाल साद की ओर रिपोर्ट दर्ज करवाई। बंशीलाल ने बताया कि उसका भाई चेतनलाल साद गांव में स्कूल के पास घर में रहता था। वह आज सुबह जल्दी उठकर घर से बाहर निकल गया। पत्नी उठी और पति के वापस नहीं जाने पर आस-पास तलाश करने लगी।

जब वह पति को तलाश करती हुई स्कूल से कुछ दूर गई तो एक पेड़ पर चेतनलाल को लोहे के तार से बने फंदे पर लटका देखकर चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और चेतनलाल को नीचे उतारा। घटना की सूचना पर दोवड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। भाई की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


# पंप मैनेजर से मारपीट कर नगदी छीनने का आरोप

## गाड़ी के आगे पिकअप लगाकर पंप मैनेजर से मारपीट की

**सादुलपुर, (निसं)।** चूरू राजगढ़ एनएच 52 पर गांव राजू की ढाणी में लगे पेट्रोल पंप के मैनेजर से पीकअप के सवार आरोपियों द्वारा मारपीट कर 85 हजार 200 रूपये कैश छीनने का आरोप का मामला सामने आया है।

वहीं राजगढ़ थाने में अनिल कुमार पुत्र हरिराम जाट निवासी राजू की ढाणी पुलिस थाना तारानगर जिला चूरू ने हाजिर थाने होकर आज इस आरोप की मामला दर्ज करवाया है कि श्रीनाथ जी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प राजू की ढाणी में मैनेजर के के पद का काम करता हूं। एक दिसम्बर को शाम के आठ बजे पम्प का केश रूपये 85200 रूपये लेकर पम्प मालिक को देने के लिए रवाना हुआ। जब वह रतनपुरा पुलिया से पहले चूरू की तरफ पहुंचा तो उसके आगे एक गाड़ी पीकअप, जिसको बंशीलाल रतनपुरा चला रहा था।

आरोप है कि उसे रूकने का ईशारा किया तो उसने गाड़ी को रोकी तो बंशीलाल के साथ में दलीप सहारण, बलवान, चरणसिंह पूनियां सहित 4-5 जने उतरकर उसे गाड़ी से निचे उतार लिया व पम्प का केश छीन लिया। जब उसने विरोध किया तो उसके सीर पर लोहे की रॉड से वार किया, जिसके कारण वह रोड पर गिर गया तथा उसके ऊपर लाठियों व रॉड से हमला किया और बोले कि यह जिन्दा नहीं बचना चाहिए। बंशीलाल ने पीकअप गाड़ी को उसके पेट के ऊपर से टायर निकाल दिया, जिससे वह बेहोशी की हालात में आ गया तथा उसे बेहोशी की हालात में मरा हुआ समझ कर चले गये। जब उसे होश आया तो श्रीनाथ जी अस्पताल सादुलपुर में रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।



मारपीट के बाद नगदी छीनने के मामले में पुलिस ने पूछताछ की।

# सड़क पर ट्रोला पलटा, बाइक सवार दो घायल

## दोनों घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया

**सादुलपुर, (निसं)।** निकटवर्ती गांव ढाणी कुम्हारन के पास एक दस चक्का ट्रोला का संतुलन बिगड़ने से सड़क पर पलट गया, जिससे ट्रोला की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव के कुरडाराम दमीवाल ने बताया कि गांव के नजदीक स्थित गोगामेडी मंदिर के पास सड़क पर खतरनाक मोड है तथा अनेकों बार गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी। शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर बाद सादुलपुर की ओर से एक दस चक्का ट्रोला आ रहा था। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार बास कांजण निवासी सोमबीर और कृष्ण कुमार अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर सादुलपुर से अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही मोड के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रोले का संतुलन बिगड़ गया और पलट गया। ट्रोले की चपेट में आने से दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद दोनों घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रोले का चालक नशे में था। जिसके कारण घटना घटित हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया है। इस संबंध में एसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ट्रोले के चालक को एक मोटरसाइकिल सवार ने हाथ दिखा संकेत दिया था, जिसके कारण चालक कुछ समझ नहीं पाया और उसका संतुलन बिगड़ गया तथा ट्रोला सड़क पर पलट गया। लेकिन एक पेड़ के कारण दोनों मोटरसाइकिल सवार बाल-बाल बच गए, हालांकि दोनों को चोट जरूर लगी है, देर शाम तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।



गांव ढाणी कुम्हारान के पास हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

# मारपीट कर नगदी छीनने का आरोप लगाया

## सिद्धमुख थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया

**सादुलपुर, (निसं)।** धोलिया गांव में घात लगाकर बैठे स्वीफ्ट डीजायर व एक बुलेट बाईक सवार एक नामजद व 4-5 लोगों द्वारा थार गाड़ी को रोककर चालक से हाथापाई कर मारपीट कर चैन व 20 हजार रूपये छीनने के आरोप का मामला सामने आया है।

वहीं सिद्धमुख थाने में विजेन्द्र पुत्र दीनदयाल निवासी किशनपुरिया बास पुलिस थाना सिद्धमुख ने आज इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि तीन दिसम्बर को रामसरा ताल से घर जा रहा था। तभी उसके गांव के मोड से पहले से घात लगाए बैठे मनोज पुत्र चानण शर्मा निवासी धोलिया व 4-5 अन्य लड़के जो एक स्वीफ्ट डीजायर व एक बुलेट बाईक पर सवार थे तथा वह थार महेन्द्रा गाड़ी से घर जा रहा था। आरोप है कि उन्होने उसके आगे गाड़ी लगाकर रोककर उसके साथ हाथापाई की तथा उसको जान से मारने की कोशिश की। जिससे उसके मुंह पर चोट आई तथा उसके गले में 7 ग्राम की चैन तथा 20 हजार छीन ली।

जब उसने अपने बचाव में गाड़ी पीछे भगाई तो उसकी गाड़ी खाई में धस गई। जिस पर वह गाड़ी छोडकर जान बचाकर घर की तरफ भागा, फिर पीछे से उक्त लोग दुबारा भागे और बोले की जान से मारेंगे। अंधेरे का फायदा उठाकर वह बचते हुए पुलिस थाना पहुंचा। सिद्धमुख थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# बंधक बनाकर युवक से मारपीट

## निर्वस्त्र का वीडियो बनाया, केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** निकटतर्वी बिलाड़ा कस्बे में रहने वाले एक युवक को बंधक बनाकर मारपीट करने और निर्वस्त्र कर वीडियो बनाने का प्रकरण सामने आया है। पीड़ित युवक ने नामजद आरोपी के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दी है। इस बारे में पुलिस की तरफ से अब अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

बिलाडा पुलिस ने बताया कि एक युवक की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि प्रमोद नाम के एक शख्स और उसके साथियों ने कमरें में बंधक बनाकर मारपीट की। आरोपयिों ने उसे निर्वस्त्र कर वीडियो बनाया और सार्वजनिक करने की धमकी दी। साथ ही उसके पास में रूपए थे जोकि आरोपियों ने छीन लिए। पुलिस ने बताया कि परिवादी और आरोपियों के बीच में किसी बात को लेकर अनबन होना प्रथम दृष्टया सामने आया है। फिलहाल प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।